



# सौ से अधिक बकायादारों के कनेक्शन काटे



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 22 मई।** भीषण गर्मी के बीच शहर में निर्बाध एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति बनाए रखने हेतु मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दतिया शहर में बड़े विद्युत बकायादारों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज शहर में 1 सैकड़ा से अधिक बकायादार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए गए।

विभाग द्वारा गठित 5 विशेष टीमें अधिकारियों के नेतृत्व में सुबह 9 बजे से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई कर रही हैं। अभियान के दौरान दिनारा रोड, एकता नगर, गांधी रोड, पंचशील कॉलोनी, बुंदेल कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों में बड़े बकायादारों के कनेक्शन काटे गए। आज एक बार फिर महाप्रबंधक श्री कौशिक स्वयं मैदान में पहुंचे तथा डिस्कनेक्शन टीमों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित उपभोक्ताओं से चर्चा कर समझाइश दी कि भीषण गर्मी के दौरान विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए राजस्व वसूली अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने उपभोक्ताओं से तत्काल बकाया राशि जमा करने की अपील करते हुए स्पष्ट कहा कि भुगतान नहीं करने पर विभाग द्वारा विद्युत विच्छेदन के साथ-साथ विद्युत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत कुर्की, बैंक खाते सीज कराने एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।निरीक्षण के दौरान विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे तथा अभियान की प्रगति का जायजा लिया गया।

वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार औद्योगिक श्रेणी के बड़े बकायादारों के कनेक्शन तत्काल प्रभाव से विच्छेदित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। विद्युत विभाग ने कहा है कि आगामी दिनों में भी बड़े बकायादारों के विरुद्ध यह अभियान और अधिक सख्ती से जारी रहेगा। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे समय पर बिजली बिल जमा कर कार्रवाई से बचें एवं शहर की विद्युत व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## 18 करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण, चली जेसीबी

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 22 मई।** प्रशासन ने भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए हमीरपुर मौजा स्थित सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया। कलेक्टर स्वप्निल वानखडे के निर्देश पर दोपहर कार्रवाई की गई।

**जिला प्रशासन की भू-माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई**

सर्वे नंबर 166, 187 और 188 हमीरपुर मौजा की सरकारी जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा कर प्लाटिंग कर दी गई थी और लोगों को प्लॉट बेच दिए गए थे।

मामला सामने आने के बाद तहसीलदार ब्रजमोहन आर्य राजस्व एवं पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन की टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से अवैध कब्जे को हटाया। मौके पर निर्माण सामग्री भी पाई गई और निर्माण कार्य जारी था, जिसे तुरंत रोकते हुए हटाया गया। तहसीलदार ब्रजमोहन आर्य ने बताया कि कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिले में जहां भी अतिक्रमण मिलेगा उसे तत्काल हटाकर जमीन को अतिक्रमणमुक्त किया जाएगा।




## पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेकर किया संवाद

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 22 मई।** पुलिस परेड ग्राउंड दतिया में जनरल परेड का आयोजन किया गया। परेड में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी एवं 250 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए। पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खण्डेलवाल द्वारा जनरल परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जवानों को अनुशासन, एकरूपता एवं टीम भावना के साथ कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी भी प्राप्त की गई।

जनरल परेड पुलिस बल में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं कर्तव्यनिष्ठा विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। नियमित परेड एवं ड्रिल के माध्यम से जवान आदेशों का त्वरित एवं प्रभावी पालन करना सीखते हैं, जिससे उनमें समन्वय, मनोबल एवं टीम वर्क की भावना सुदृढ़ होती है। साथ ही यह फील्ड ड्यूटी के दौरान बेहतर कार्य निष्पादन में भी सहायक सिद्ध होती है।

परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित केन्द्र की विभिन्न शाखाओं कृ कैश शाखा, आर्म्स शाखा, क्वार्टर गार्ड, वाहन शाखा एवं भंडार गृह का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।



## नागर की पत्नी के निधन पर मिश्रा ने किया शोक व्यक्त

**दतिया, 22 मई।** 29वीं बटालियन में सहायक सैनानी सेवानिवृत्त लोकेंद्र सिंह नागर की धर्म पत्नी के निधन पर म.प्र. शासन के पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा एवं सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने उनके निवास पर पहुंच कर संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा, पूर्व प्राचार्य कमलकांत शर्मा, आशु शर्मा के अलावा नागर परिवार के सदस्यगण एवं नगरवासी उपस्थित रहे। वहीं सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने स्व. श्रीमती नागर के असमय दु:खद निधन होने पर उनके निज निवास भांडेर रोड पहुंच कर शोकाकुल लोकेंद्र सिंह नागर एवं अन्य परिवार जनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। श्री सिंह ने स्व. श्रीमती नागर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित समाज के लिए उनके उत्कृष्ट योगदान को याद किया।



## रेल यात्रियों को पिलाया शीतल जल एवं शरबत

**दतिया, 22 मई।** भीषण गर्मी के बीच मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जूनियर रेडक्रॉस शाखा दतिया द्वारा दतिया रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों हेतु शीतल जल एवं शरबत सेवा का आयोजन किया गया। गर्मी से परेशान यात्रियों को ठंडा पानी एवं शरबत वितरित कर राहत प्रदान की गई। यात्रियों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए रेडक्रॉस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। जूनियर रेडक्रॉस के सदस्य पिछले कई वर्षों से निरंतर गर्मी के मौसम में सेवा कार्य करते आ रहे हैं। मानवता एवं सेवा भावना से प्रेरित यह अभियान समाज के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। इस अवसर पर काउंसलर शैलेन्द्र खरे, जयराम पटवा, राजेन्द्र प्रजापति सहित रेडक्रॉस के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई तथा पूरे समर्पण भाव से यात्रियों की सेवा की।



## रतनगढ़ माता मंदिर मार्ग पर हुई लूट का आरोपी गिरफ्तार

**इन्दरगढ़, 22 मई।** डीपार थाना क्षेत्र के अंतर्गत दोपहर खमरौली.लोकेंद्रपुर मार्ग पर करौली के पास चार अज्ञात बदमाशों द्वारा रतनगढ़ माता मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रहे दंपत्ति को कट्टा अड़ाकर सोने का मंगलसूत्र, सोने का ओम, सोने की अंगूठियां, चांदी की करधनी एवं नगद राशि लूट ली गई थी।

पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खंडेलवाल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार शिवहरे के निर्देशन में एसडीओपी सेवढ़ा अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डिरौलीपार ने घटना का 36 घंटे में खुलासा किया जा चुका है। उक्त प्रकरण में फरार अन्य आरोपी को थाना प्रभारी डीपारए उनि यादवेंद्र सिंह गुर्जर एवं उनकी टीम द्वारा 10,000 के इनामी आरोपी अंका उर्फ हनुमत सिंह यादव, ग्राम रतवा, थाना मौ, जिला भिंड को रतनगढ़ मंदिर मार्ग से गिरफ्तार किया गया आरोपी के कब्जे से 12 बोर की एक अधिया, एक जिंदा राउंड, चांदी की पायल का एक सेट एवं 1500 नगद बरामद किए गए हैं। आरोपी के विरुद्ध थाना मौ जिला भिंड में मारपीट जुआ एवं चोरी सहित कुल 06 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। सराहनीय भूमिका यादवेंद्र सिंह गुर्जर, उनि सियाराम गौड़, रामकेश बघेल, इशूराज, निजाम खान एवं सीपेन्द्र गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

# पण्डोखर धाम ट्रस्ट ने कराया दस गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह




**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 22 मई।** संत गुरुशरण महाराज के सान्निध्य में पण्डोखर धाम में दस गरीब परिवार की कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह धूमधाम के साथ संपन्न हुआ सभी वर चार पहिया वाहनों एवं घोड़ों पर सवार होकर डी जे और बैंड बाजों के साथ आश्रम स्थित श्रीराम दरबार मंदिर से बारात लेकर हनुमान पंच अखाड़े के नजदीक श्रद्धा मंच पहुंचे , जहां वधु पक्ष के साथ श्री गुरुशरण जी महाराज , ग्राम के सरपंच रामकुमार शर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह ने बारात की अगवानी कर स्वागत किया। भव्य श्रद्धा मंच पर सभी वर - वधुओं को एक साथ बैठाया गया और सभी जोड़ों का वेदमन्त्रों की ध्वनि के बीच जयमाला कार्यक्रम संपन्न हुआ।शाम से देर रात्रि तक आश्रम परिसर में वर वधु पक्ष के सभी रिश्तेदारों, हजारों अतिथियों और श्रद्धालु भक्तों का प्रीतिभोज भंडारा प्रसादि का क्रम चलता रहा। वरमाला पश्चात पाण्डेश्वर महादेव के विशाल प्रांगण में ही वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी नवयुगलों का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर श्री गुरुशरण महाराज एवं उनके परिवारजनों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद और उपहार प्रदान किये। पण्डोखर ट्रस्ट के सचिव मुकेश कुमार गुप्ता (सागर) ने बताया कि 11 जोड़ो का विवाह सम्पन्न होना था परंतु एक कन्या की आयु पूर्ण वयस्क न होने के कारण उसका विवाह अगले वर्ष कराने का आश्वासन दिया गया है। पण्डोखर धाम ट्रस्ट की ओर से सभी 10 नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का संपूर्ण सामान , जिसमें पलंग , बिस्तर, सोफा सेट, कूलर, फ्रिज, ढेरों वस्त्र, बर्तन आदि अन्य आवश्यक सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की गई। इसके साथ ही सभी वधुओं को सोने की नथ, चांदी की पायल , मंगलसूत्र आदि उपहार भी दिए गए। मुकेश गुप्ता ने बताया कि पण्डोखर धाम ट्रस्ट की ओर से प्रत्येक वधु के नाम से 11000/ (ग्यारह हजार) रुपये की बैंक एफ. डी. आर. भी बनाकर उपहार में दी जाएगी।विवाह उपरांत नवविवाहित जोड़ों को आश्रम से चार पहिया वाहनों द्वारा उनके घर तक सम्मानपूर्वक विदा किया गया। दोनों पक्षों के परिजन इस आयोजन से भावुक एवं उत्साहित दिखाई दिए।

ग्राम मेथाना पहुंच के भगत वीर सिंह दोहरे ने उनके अधूरे संकल्प को पूर्ण करने के लिए श्री गुरुशरणजी महाराज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया।

## ईको क्लब ने दी जैव विविधता से संबंधित जानकारी

**इंदरगढ़, 22 मई।** शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ में जैव विविधता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ निलय गोस्वामी द्वारा जैव विविधता से संबंधित जानकारी इको क्लब के छात्र छात्राओं द्वारा साझा की गई। प्रतिवर्ष 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाने का कारण भी प्राचार्य द्वारा बताया गया यह दिन पृथ्वी पर जीवों पौधों और पारिस्थितिक तंत्र की विविधता को समझनेए उसके महत्व को जानने और संरक्षण का संदेश देने के लिए समर्पित है। इको क्लब प्रभारी डॉक्टर शबाना बानो के निर्देशन में इको क्लब के छात्र छात्राओं द्वारा तैयार किए गए स्पैरो हाउस को भी महाविद्यालय के प्रांगण में लगे हुए पेड़ पौधों पर टांगे गए ताकि पक्षी उसमें आश्रय ले सके इसके अलावा पेड़ पौधों पर पक्षियों के लिए पानी के चकोरे भी टांगे गए।

पर्यावरण पशु पक्षियों और जैव विविधता से मिलकर बनता है मानव पर्यावरण पर आश्रित है और पर्यावरण मानव पर आश्रित अत: भविष्य की कठिनाइयांए संकटों से उबरने के लिए पर्यावरण का संरक्षण अत्यंत जरूरी है एक रैली निकालकर जैव विविधता के बारे में आसपास के लोगों को जागरूकता संदेश भी दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार मौर्य, रोहित कुशवाहा, दुष्यंत करण, उत्तम सिंह बघेल, लतीफ खान एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# 56 वाहन चालकों के चालान, 35,800 वसूले

**यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की कार्यवाही**



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 22 मई।** यात्री बस दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लोक परिवहन बसों का विशेष चेकिंग एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा दतिया पुलिस द्वारा जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर लोक परिवहन बसों सहित अन्य वाहनों की सघन जांच की गई। अभियान के दौरान सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले कुल 56 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 35,800 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया। थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक सपना शर्मा के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली 5 बसों पर कार्यवाही की गई।

वहीं 2 चार पहिया वाहनों में अवैध काली फिल्म पाए जाने,1 वाहन में मॉडिफाइड साइलेंसर लगे होने तथा 01 वाहन पर अवैध हूटर पाए जाने पर भी चालानी कार्यवाही की गई, इसके अलावा जिले के अन्य थानों पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। दतिया पुलिस द्वारा यात्रियों की सुरक्षा से समझौता करने वाले वाहन चालकों एवं संचालकों के विरुद्ध आगे भी लगातार सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

## पंजीकृत असंगठित श्रमिकों की ई-केवाईसी अनिवार्य

**दतिया, 22 मई।** सहायक श्रमपदाधिकारी योगेश सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि संबल बोर्ड की चतुर्थ बैठक में लिए गए निर्णयानुसार संबल योजना अंतर्गत ई-केवाईसी से शेष रहे पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी आगामी एक माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना है। सभी संबंधित असंगठित (संबल) श्रमिकों से अनुरोध है कि वे अपने संबल पंजीयन को चैक कर ई-केवाईसी प्रक्रिया संबंधित निकाय के माध्यम से 13 जून तक पूर्ण कर लें। 13 जून के उपरांत जिन श्रमिकों द्वारा ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराई जाएगी, उनके पंजीयन कार्ड संबल पोर्टल पर नियमानुसार निरस्त कर दिए जाएंगे।

## कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए पूर्व विधायक

**दतिया, 22 मई।** श्रीमद भागवत कथा रूपी ज्ञान को अपने जीवन में उतारें, धर्म से जुड़कर ही व्यक्ति अपना व परिवार का कल्याण कर सकता है। वर्तमान समय में व्यक्ति भौतिक सुख सुविधाओं को जुटाने के लिए अंधी दौड़ में शामिल हैं, ऐसे में जब कठिन समय आता हैं तब धर्म ही व्यक्ति का एकमात्र सहारा बनता है।

यह विचार सेंवढ़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने ग्राम डांग डिरोली में श्री छेवला वाले कुंअर महाराज एवं बरिया वाले कारसदेव बाबा के स्थान पर आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है की श्रीमद भागवत कथा रूपी ज्ञान गंगा से आप लोगों को कुछ ना कुछ तो अवश्य लाभ होगा। कार्यक्रम के आरंभ में श्री सिंह ने श्रीमद् भागवत कथा ग्रँथ को नमन कर कथा व्यास श्री भगवती प्रसाद तिवारी जी महाराज का पुष्प गुच्छ से स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## प्रदीप बने गुर्जर महासभा के प्रदेश



**दतिया, 22 मई।** जिले में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री हरिशंचंद्र भाटी नें प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र पटेल की अनुशंसा पर कांग्रेस नेता एवं जिला सहकारी बैंक दतिया पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप गुर्जर को म.प्र.गुर्जर महासभा में महासचिव पद पर मनोनीत किया है प्रदीप गुर्जर नें शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## वरिष्ठ पत्रकार स्व. शर्मा की पुण्यतिथि पर 26 को होगा पत्रकारिता सम्मान समारोह



**शिवपुरी, 22 मई।** वरिष्ठ पत्रकार जयकिशन शर्मा की 16वीं पुण्यतिथि पर 26 मई मंगलवार को पत्रकारिता सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शहर के शगुन वाटिका होटल, नवग्रह मंदिर के पास शाम 5 बजे से आयोजित होगा, जिसमें पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

स्व. जयकिशन शर्मा प्रदेश की पत्रकारिता में अपनी निर्भीक लेखनी, जुझारूपन और निष्पक्ष कार्यशैली के लिए विशेष पहचान रखते थे। 26 मई 2010 को लंबी बीमारी के बाद उनका अल्पायु में निधन हो गया था। उनकी स्मृति और पत्रकारिता के मूल्यों को जीवित रखने के उद्देश्य से यह आयोजन हर वर्ष किया जाता है। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। आयोजन में पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और सामाजिक सरोकारों पर विचार गोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। स्व. शर्मा के पुत्र लालू शर्मा ने बताया कि समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन समिति का उद्देश्य नई पीढ़ी के पत्रकारों को निष्पक्ष और जनहित पत्रकारिता के प्रति प्रेरित करना है। कार्यक्रम को लेकर पत्रकार जगत और सामाजिक क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

# डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा तोड़ने वाला 24 घंटे में गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 22 मई।** सिरसौद थाना क्षेत्र के ग्राम सूंड में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले आरोपी को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के बाद गांव में तनाव और आक्रोश का माहौल बन गया था, लेकिन पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से स्थिति जल्द नियंत्रण में आ गई।

ग्राम सूंड निवासी विकास पुत्र तुलाराम जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20-21 मई की दरमियानी रात अज्ञात व्यक्ति ने बाबा साहब की प्रतिमा को तोड़कर खंडित कर दिया, जिससे सामाजिक और धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। मामले में सिरसौद थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 147/26 धारा 298 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश शर्मा, निरीक्षक रवि चौहान, उप निरीक्षक विनोद यादव और सउनि जगदीश भिलाला की टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर आरोपी कैलाश यादव पुत्र रामदयाल यादव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सूंड हाल निवासी खर्द को बेरजा नदी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि घटना के समय वह शराब के नशे में था और उसी हालत में उसने प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी वर्ष 2018 में भी इसी तरह की वारदात को अंजाम दे चुका है।

## डेहरवारा में जल बचाने उतरा गांव

**शिवपुरी, 22 मई।** कोलारस क्षेत्र की ग्राम पंचायत डेहरवारा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीणों ने तालाब और कुओं के संरक्षण के लिए श्रमदान कर मिसाल पेश की। मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर चल रहे इस अभियान का उद्देश्य बारिश से पहले जल स्रोतों की सफाई, मरम्मत और पुनर्जीवन कर अधिक जल संग्रहण सुनिश्चित करना है। गांव में चलाए गए विशेष सफाई अभियान में ग्रामीणों ने तालाबों और कुओं की साफ-सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया।

## कठमई प्यासा : टंकी बनी, पाइप बिछे, फिर भी बूंद-बूंद को तरस रहे लोग

**शिवपुरी, 22 मई।** शहर के कठमई इलाके में जल संकट ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हालात ऐसे हैं कि आधुनिक नल-जल योजना और पानी की टंकी तैयार होने के बावजूद सैकड़ों परिवार आज भी एकमात्र बोरवेल के सहारे जिंदगी गुजारने को मजबूर हैं। गर्मी बढ़ते ही पानी के लिए रोज संघर्ष आम बात बन गई है।

क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि थीम रोड किनारे लगे बोरवेल पर सुबह से ही लंबी कतारें लग जाती हैं। कई बार मोटर खराब होने या बिजली बंद रहने पर लोगों को डेढ़ किलोमीटर दूर से पानी ढोना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और बच्चों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें बाल्टियां और डिब्बे लेकर घंटों इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका ने टंकी निर्माण और पाइपलाइन बिछाने का काम तो पूरा कर लिया, लेकिन घरों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था अब तक जमीन पर नजर नहीं आ रही। लोगों का कहना है कि करोड़ों की योजना कागजों में सफल दिखाई जा रही है, जबकि मोहल्ले में अब भी पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। वहीं नगर पालिका प्रशासन ने जिम्मेदारी लोगों पर डाल दी है। सीएमओ इशांक धाकड़ का कहना है कि कठमई क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए सभी तकनीकी कार्य पूरे हो चुके हैं। पाइपलाइन परीक्षण भी सफल रहा है, लेकिन अधिकांश परिवारों ने अब तक नल कनेक्शन नहीं लिया है। प्रशासन का दावा है कि जैसे ही लोग कनेक्शन लेंगे, नियमित जल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।